
**City of Santa Clara** 1500 Warburton Avenue Santa Clara, CA 95050

# 5 जून, 2018 के

## विशेष म्युनिसिपल चुनाव संबंधी जानकारी

सिटी ऑफ सैंटा क्लारा के विधेयक A तथा क्षेत्रीय उम्मीदवारों और मुद्दों सहित 5 जून के चुनाव संबंधी जानकारी के लिए कृपया **www.sccgov.org/sites/rov/Pages/Registrar-of-Voters.aspx** पर जाएं



सिटी ऑफ सैंटा क्लारा के 5 जून के विशेष चुनाव के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया **santaclaraca.gov/MeasureA** पर हमसे ऑनलाइन संपर्क करें

# सिटी ऑफ सैंटा क्लारा

## 5 जून के विशेष म्युनिसिपल चुनाव संबंधी जानकारी



**समुदाय संबंधी नवीनतम जानकारी**

सिटी ऑफ सैंटा क्लारा द्वारा जन सेवा के रूप में चुनाव संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।
जानकारी केवल शैक्षिक उद्देश्यों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

# 5 जून के विशेष म्युनिसिपल चुनाव से संबंधित सूचना।

# कृपया भाग लें! भाग लेने का तरीका:




## चुनाव कब है?

चुनाव का दिन 5 जून, 2018 है। मतदान के लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तारीख 21 मई, 2018 है। डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र 7 मई को भेजे जाने शुरू होंगे। डाक मतपत्र द्वारा मतदान का अनुरोध करने की अंतिम तारीख 29 मई, 2018 है। इससे पहले कि आप डाक मतपत्र द्वारा मतदान का अनुरोध कर सकें, आपके लिए अनिवार्य है कि आप मतदान के लिए पंजीकृत हों। आप **www.sos.ca.gov/elections/voter-registration/vote-mail** पर डाक-द्वारा-मतदान का अनुरोध कर सकते हैं

## मैं मतदान के लिए कैसे पंजीकरण करा सकता/सकती हूँ?

यदि आप मतदान के लिए पंजीकृत नहीं हैं और आप पंजीकरण कराना चाहते हैं, तो आपको 21 मई, 2018 से **पहले** ही पंजीकरण कराना होगा। आपको सैंटा क्लारा सिटी हॉल में पंजीकरण फॉर्म मिल सकता है या आप निम्नलिखित पर जाकर मतदान के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं: **registertovote.ca.gov**

## मैं जल्दी मतदान कैसे कर सकता/सकती हूँ?

7 मई से शुरू करते हुए, सैंटा क्लारा के सभी पंजीकृत मतदाता 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112 पर स्थित मतदाता कार्यालय के काउंटी रजिस्ट्रार में जाकर जल्दी मतदान कर सकते हैं जो सोमवार-शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा।


26 मई से शुरू करते हुए, सैंटा क्लारा के निवासी Central Park LIbrary, 2635 Homestead Road, Santa Clara, CA 95051 पर स्थित सैंटा क्लारा के जल्दी मतदान केन्द्र (Early Vote Center) में भी मतदान कर सकते हैं तथा यह सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे और शाम 6 बजे के बीच खुला रहेगा है।


## डाक द्वारा मतदान क्या होता है?

स्वीकार किए जाने के लिए लौटाए गए सभी मतपत्रों पर चुनाव के दिन, 5 जून को या इससे पहले डाक की मुहर लग जानी चाहिए। आप अपना तैयार किया हुआ मतपत्र, मतपत्र डालने वाले निम्न में से किसी भी आधिकारिक बक्से में भी डाल सकते हैं:

- 1555 Berger Drive, Building 2, San Jose, CA 95112 पर स्थित मतदाता कार्यालय का रजिस्ट्रार
- चुनाव के दिन सैंटा क्लारा का कोई भी क्षेत्रीय मतदान केन्द्र
- डाक-द्वारा-मतदान के लिए निर्धारित ड्रॉप-ऑफ स्थान। आप ड्रॉप-ऑफ स्थान निम्नलिखित पर ढूँढ़ सकते हैं: **www.sccgov.org/sites/rov/vbm/pages/returningmail.aspx**

यदि डाक द्वारा मतदान कर रहे हों, तो कृपया **अपने मतपत्र के पीछे हस्ताक्षर करना न भूलें!**



## मैं अपने क्षेत्र के बारे में कैसे पता लगाऊँ?

आप चुनाव के दिन अपने स्थानीय मतदान क्षेत्र पर स्वयं जाकर मतदान कर सकते हैं। आप निम्नलिखित पर सैंटा क्लारा मतदाता रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर जाकर अपने क्षेत्र का पता लगा सकते हैं: **eservices.sccgov.org/rov/**

**विधेयक A के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया**

# विधेयक A के बारे में जानकारी:

| विधेयक A के मतपत्र संबंधी प्रश्न | |
|---|---|
| उप-डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के चुनाव तथा मतदान की पद्धति<br>क्या सिटी घोषणा-पत्र में संशोधन किया जाएगा: 2018 में आरंभ करते हुए दो डिस्ट्रिक्ट स्थापित करना जिनमें से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व तीन काउंसिल सदस्यों द्वारा किया जाएगा; तथा उपलब्ध होने पर, श्रेणीवार चुनाव मतदान का इस्तेमाल किया जाएगा जिससे मतदाताओं के लिए सिटी के चुने गए सभी अधिकारियों के चुनावों के विजेता का फैसला करने के विकल्प के क्रम में उम्मीदवारों का चयन करना संभव होगा? | **हाँ**<br><br>**नहीं** |

**प्रश्न: विधेयक A क्या है?**

**उत्तर:** विधेयक A मतपत्र का विधेयक है जिसमें भविष्य में स्थानीय पदाधिकारियों के चुनाव के तरीके को नवीनतम रूप देने के लिए घोषणा-पत्र में प्रस्तावित संशोधन का निर्धारण किया जाता है।

**प्रश्न: विधेयक A कैसे तैयार किया गया था?**

**उत्तर:** विधेयक A एक वर्ष से अधिक समय के मौलिक विचारों और समुदाय की संलग्नता के बाद तैयार किया गया था जिसमें 16 जन सुनवाइयों और सिटी के ऑनलाइन मंचों के माध्यम से सैंकड़ों निवासियों की राय लेने वाली सिटी के स्वयंसेवी निवासियों की दो अलग-अलग समितियाँ शामिल हैं। सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से विधेयक A को जून के मतपत्र पर स्थान देने का चुनाव किया।

**प्रश्न: विधेयक A क्या करता है?**

**उत्तर:** यदि लागू होता है, तो विधेयक A सैंटा क्लारा के मतदाताओं द्वारा स्थानीय पदाधिकारियों का चुनाव करने के तरीके को निम्नानुसार नवीनतम रूप देगा:

- दो मतदाता डिस्ट्रिक्टों की स्थापना की जाती है, जिनमें पंजीकृत मतदाता तीन काउंसिल सदस्य प्रति डिस्ट्रिक्ट का चुनाव करते हैं।
  - सैंटा क्लारा सिटी काउंसिल का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से अपेक्षित होगा कि वे डिस्ट्रिक्ट में रहते हों। केवल डिस्ट्रिक्ट में निवास करने वाले मतदाता ही अपने संबंधित डिस्ट्रिक्ट के सिटी काउंसिल के उम्मीदवारों के लिए मतदान कर सकते हैं।
  - आप santaclaraca.gov/MeasureA पर सिटी की वेबसाइट पर जाकर, अपने निवास वाले डिस्ट्रिक्ट सहित मानचित्रों के मसौदों के संस्करण देख सकते हैं
  - मेयर, सिटी क्लर्क और पुलिस चीफ सिटी-व्यापी स्तर पर चयनित बने रहेंगे।
- पद के सिटी के सभी उम्मीदवारों के लिए "श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान" के रूप में विख्यात मतदान प्रक्रिया स्थापित करता है।
  - श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान की एकल अंतरणीय पद्धति अध्यादेश द्वारा लागू की जाएगी।
  - मतदाता रजिस्ट्रार द्वारा नई मतदान पद्धति लागू किए जाने तक विजेता का निर्धारण करने के लिए सबसे अधिक मत मिलने द्वारा चुनाव का इस्तेमाल किया जाता रहेगा।

**प्रश्न: "श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान" क्या है?**

**उत्तर:** यदि मतदाताओं द्वारा मंज़ूर कर लिया जाए, तो विधेयक A श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान के एक पहलू को लागू करेगा, जिसे कभी-कभी "तात्कालिक अपवाह मतदान" के रूप में भी जाना जाता है। इससे मतदाताओं के लिए उम्मीदवारों को वरीयता के क्रम में श्रेणीबद्ध करने का अवसर मिलना संभव हो पाएगा। मतों की संख्या और श्रेणी-निर्धारण दोनों मिलकर विजेता का निर्धारण करते हैं। यदि विधेयक A लागू होता है, तो सिटी श्रेणीबद्ध विकल्प मतदान संबंधी शैक्षिक पहुँच में संलग्न रहना जारी रखेगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया santaclaraca.gov/Measure A पर जाएं।

**प्रश्न: विधेयक A मेयर, पुलिस चीफ और सिटी क्लर्क के मतदान को कैसे प्रभावित करता है?**